एक्सआईएसएस और धर्मा लाइफ ने छात्रों के लिए लाइव प्रोजेक्ट

कौशल आधारित प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान के लिए किया एमओयू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची और धर्मा लाइफ, गजम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली ने एक्सआईएसएस के छात्रों के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में सहयोग के लिए तीन साल की साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी विशेष रूप से विकास क्षेत्र की जमीनी हकीकत, नवीनतम समाधान, व्यावहारिक संसर्ग और उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता के बारे में गहराई से समझने के प्रयास में सहयोग करेगी। साथ ही एक्सआईएसएस के उभरते स्नातकों की इस क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। यह साझेदारी किसी भी उद्योग में तकनीकी उन्नयन, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए एक्सआईएसएस के नवोदित स्नातकों को प्रशिक्षित करेगी। एक्सआईएसएस के निदेशक, डॉ. जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे; धर्मालाइफ, गजमईडिया प्राइवेट लिमिटेड की सहायक उपाध्यक्ष - मानव संसाधन विभाग की नेमासरिएता एक्का; एक्सआईएसएस के प्रोफेसर और मुख्य प्लेसमेंट समन्वयक, डॉ. अमरई. तिग्गा एवं प्रोजेक्ट हैड, अभिषेक कुमार इस समझौता ज्ञापन के हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे ने कहा, एक्सआईएसएस के छात्रों के बीच लाइव प्रोजेक्ट, कौशल आधारित प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान को प्रभावी ढंग से बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ धर्मालाइफ के साथ इस नये सहयोग पर एक्सआईएसएस उत्साहित है। महामारी के दौरान शिक्षण का तरीका काफी बदला है और आगे भी बदलेगा। इस चुनौतीपूर्ण समय में जीवित रहने के लिए नए विचार और नवाचार ही एकमात्र माध्यम हैं। उन्होंने उम्मीद जताया कि इस समझौते से छात्र समुदाय को उनके कौशल और ज्ञान को बढ़ाने में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

PRESS: RASHTRIA NAVEEN MAIL - 1ST RELEASE

दैनिक भास्कर

रांची 04-09-2021

350 गिद्ध थे, वहीं इस साल 600 गिद्ध नजर आ रहे हैं।

गोस्वामी ने आंकड़े जुटाए हैं)

गिद्धा

एक्सआईएसएस के जीआईएस कोर्स में 15 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

रांची. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स के इस दौर में युवाओं की भागीदारी और इसी तरह इससे जुड़े किसी भी प्रोफेशनल कोर्स में दिलचस्पी भी बढ़ रही है। ऐसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन साइंस (जीआईएस) या जियोइंफोमेटिक्स कोर्स बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। एक्सआईएसएस रांची जीआईएस कोर्स के लिए नया बैच (ऑनलाइन और ऑफलाइन) शुरू करने जा रहा है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। यह 6 महीने का कोर्स है, जिसमें 30 सीटें हैं। यूजी या पीजी उत्तीर्ण किसी भी विषय के छात्र इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को इस पाठ्यक्रम के लिए 35,000 रुपए का भुगतान करना होगा। अधिक जानकारी के लिए एक्सआईएसएस की वेबसाइट www.xiss.ac.in/GI पर उपलब्ध है। इस कोर्स में आर्कजीआईएस, एरडास, ईएनवीआई, आई-जीआईएस, क्यू-जीआईएस आदि सॉफ्टवेयर के साथ-साथ जीपीएस, डीजीपीएस और ईटीएस सर्वे उपकरणों की ट्रेनिंग भी सिखाई जाती है। सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रकाशचंद्र दास ने जियोइंफोमेटिक्स को जॉब फ्रेंडली बताया।

एक्सआईएसएस और धर्मा लाइफ गजम इंडिया के बीच एमओयू

रांची. एक्सआईएसएस रांची और धर्मा लाइफ, गजम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली ने कौशल आधारित प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में सहयोग के लिए 3 साल की साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसफ मरियानुस कुजूर, धर्मा लाइफ, गजम इंडिया की सहायक उपाध्यक्ष मानव संसाधन विभाग की नेमा सरिता एक्का, एक्सआईएसएस के प्रोफेसर और मुख्य प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. अमर ई. तिग्गा व प्रोजेक्ट हेड अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।